दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पर्यावरण विभाग की बड़ी कार्रवाई, आधा दर्जन से अधिक बड़े उद्योगों पर लगाया 47 लाख का जुर्माना

**रायगढ़ (आरएनएस)।** पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वाले आधा दर्जन से अधिक प्रमुख उद्योगों पर पर्यावरण विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है. इन उद्योगों पर लगभग 47 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही भविष्य में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है. जिन बड़े उद्योगों पर जुर्माना लगाया गया है उनमें जेएसडब्ल्यू नहरपाली, जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट पतरा पाली, एसकेएस पावर प्लांट बिजकोट, मां काली उद्योग ग्राम पाली, वीएस स्पंज उद्योग, अंजनी स्टील और एमएसपी उद्योग शामिल हैं. जांच के दौरान पाया गया कि इन उद्योगों द्वारा पर्यावरण नियमों की अनदेखी की जा रही थी, विशेषकर कोयला परिवहन में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हुआ. जिला पर्यावरण अधिकारी अंकित साहू ने बताया कि जांच के दौरान उद्योगों द्वारा नियमों की अनदेखी करने पर यह जुर्माना लगाया गया है. समय-समय पर कोयला परिवहन में भी पर्यावरण नियमों का उल्लंघन पाया गया था और इसके बाद सभी के ऊपर करीब 47 लाख रुपये से अधिक का अर्थ दंड लगाया गया है.

### दो साल की मासूम से दरिंदगी, हालत नाजुक

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आरोपी ने दो साल की बच्ची का बलात्कार किया। घटना में बच्ची की हालत गंभीर है। मासूम को आईसीयू में भर्ती किया गया है। शांतिनगर में 2 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मासूम बच्ची को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्ची का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद एसपी विवेक शुक्ला, एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल मौके पर पहुंचे थे और पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची थी। पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और परिजन के साथ ही आसपास के लोगों का बयान लिया जा रहा है। फिलहाल, आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चला है। दरअसल, शांतिनगर में एक ठेले के पास मासूम बच्ची को लोगों ने देखा और मौके पर भीड़ जुट गई। फिर डायल 112 की मदद से मासूम बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए एसपी विवेक शुक्ला, एडिशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल जिला अस्पताल पहुंचे थे। मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। फिलहाल, आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चला है।

### करेंट की चपेट में आए पति-पत्नी, दोनों की मौत

**कोरबा (अरएनएस)।** शनिवार सुबह की यह घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के मनगांव रोड आदर्श नगर की है। यहां निवासरत मूलत: उड़ीसा निवासी दुर्योधन महंता और भारती महंता के साथ यह हादसा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक शनिवार सुबह 11-12 बजे के आसपास भारती महंता कपड़े सुखाने के लिए घर में खींचे गए तार पर गीले कपड़े सुखा रही थी कि इस दौरान उसे करंट का झटका लगा और वह चिपक गई। उसे इस हालत में देखकर पति दौड़ा-भागा पहुंचा और पत्नी को असावधानी पूर्वक बचाने के चक्कर में वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में झुलसे दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। मौत से स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के साथ-साथ उनके उड़ीसा निवासी परिजनों को सूचना दी गई।

# छत्तीसगढ़ पुलिस को मिला राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज सम्मान, 2018 में भेजा गया था प्रस्ताव

**रायपुर । आरएनएस**



25 वर्षों की अनुकरणीय सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस को 'राष्ट्रपति का पुलिस ध्वज' प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई. छत्तीसगढ़ पुलिस ने यह सम्मान नक्सल मोर्चे पर साहस और दृढ़ता के साथ कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए अर्जित किया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई दी है.

छत्तीसगढ़ सरकार ने 16 फरवरी 2018 को गृह विभाग के माध्यम से यह प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिली है. इस सम्मान के साथ, पुलिस बल के जवान इस ध्वज की प्रतिकृति को अपनी वर्दी पर प्रतीक चिन्ह के रूप में धारण करेंगे, जो उनके शौर्य और सेवा का प्रतीक होगा.

राष्ट्रपति ध्वज किसी भी पुलिस या सैन्य बल के लिए सर्वोच्च मान्यता मानी जाती है, और यह छत्तीसगढ़ पुलिस की निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और परिश्रम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना को दर्शाता है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस के साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है. हमारे जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी नक्सलियों के खिलाफ सफलता प्राप्त की है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है. यह ध्वज हमारे पुलिस बल के हौसले को और भी ऊंचा करेगा और उन्हें राज्य की सुरक्षा और सेवा में प्रेरित करेगा.

मुख्यमंत्री साय ने पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि उन बहादुर जवानों के प्रति एक आदर है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना राज्य की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की जनता को भी गर्व का अवसर प्रदान किया है, जो राज्य की पुलिस की सेवा और समर्पण का सम्मान करती है.

## सहायक लोको पायलट चयन परीक्षा

# कैट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने रेलवे को दोबारा शॉर्ट लिस्ट जारी करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर । आरएनएस**



सहायक लोको पायलट चयन परीक्षा को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. कोर्ट ने कैट द्वारा सहायक लोको पायलट चयन में दोबारा शॉर्ट लिस्टिंग के आदेश को यथावत रखा है और कैट के आदेश का पालन करते हुए दोबारा शॉर्ट लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं. मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई.

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अगस्त 2018 को श्रेणी परिवर्तन कर सहायक लोको पायलट के 164 के अलावा अन्य पदों के लिए अधिसूचना जारी की. इसमें मांगी गई योग्यता पूर्ण करने पर ट्रैक मेंटेनर जे अनिल, शुभराम और अन्य ने आवेदन किया. इसमें चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित थी, किसे ऑनलाइन आयोजित किया जाना था. 328 अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर जांच की गई. योग्यता परीक्षण में 104 उम्मीदवारों को बुलाया गया था. मेडिकल के बाद जारी सूची में गड़बड़ी किए जाने एवं अन्य उम्मीदवारों से अधिक अंक प्राप्त होने के बाद भी उनका चयन नहीं किए जाने पर उन्होंने कैट में याचिका पेश की.

कैट ने रेलवे को एएलपी चयन प्रक्रिया में दोबारा शार्ट लिस्टिंग करने का आदेश दिया. इसके खिलाफ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रेलवे बोर्ड ने हाईकोर्ट में अपील पेश कर कैट के आदेश को निरस्त करने की मांग की.

हाईकोर्ट की डीबी ने सुनवाई के बाद कहा कि कैट ने एएलपी पद के चयन की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए एक तर्कसंगत आदेश पारित किया है. शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची को बिना श्रेणी में बदलाव किए फिर से तैयार करने का निर्देश दिया है. जिसे अवैध या मनमाना आदेश नहीं कहा जा सकता है.

# नशा मुक्ति विशेष अभियान : पुलिस टीम ने जेएसडब्लू, नहरपाली में नागरिकों को नशे के प्रति किया जागरूक

**रायगढ़**




दिनांक 19.10.2024 को नशा मुक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जेएसडब्लू नहरपाली, भूपदेवपुर क्षेत्र के वाहन चालकों और खलासियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई।

निरीक्षक रामकिंकर यादव ने नशे के कारण होने वाले शारीरिक नुकसान जैसे हृदय, मस्तिष्क, यकृत (लीवर) और फेफड़ों पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि नशा करने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, जिससे पारिवारिक कलह और झगड़े उत्पन्न होते हैं। नशा परिवार और समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाता है, जिससे व्यक्ति समाज से कटने लगता है।

निरीक्षक ने यह भी चेतावनी दी कि नशा व्यक्ति को दुर्घटनाओं और अपराध की ओर धकेल सकता है, क्योंकि नशा व्यक्ति की निर्णय क्षमता और प्रतिक्रिया शक्ति को कमजोर कर देता है। विशेष रूप से वाहन चालकों को नशे से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना के प्रति सतर्क किया गया और उन्हें नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। इसके अलावा, नशा युवाओं में अवसाद, आत्महत्या और अन्य मानसिक बीमारियों का कारण भी बन सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और यह संकल्प लिया गया कि वे अपने परिवार और समुदाय को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान प्रधान आरक्षक संजय यादव और आरक्षक महेन्द्र बिंझवार भी उपस्थित रहे।

# पीएमश्री नटवर स्कूल के छात्र दिनेश खूंटे ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को किया गौरवान्वित

- राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में रायगढ़ जोन से 35 छात्रों ने लिया भाग

**रायगढ़**



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा संचालित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर में आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ जोन के 35 छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका और व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में हिस्सा लिया। बाल विज्ञान मेला 15 से 18 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया था।

प्रतियोगिता में पीएमश्री नटवर स्कूल के छात्र दिनेश खूंटे ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में उप कथानक संचार एवं परिवहन के अंतर्गत द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिनेश खूंटे के इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव, डीएमसी नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, पीएम प्राचार्य रूबी वर्गीस ने छात्र को शुभकामना देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिला विज्ञान नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने बताया कि राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में रायगढ़ जोन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अनुपमा तिवारी, गेरवानी जोन प्रभारी के नेतृत्व में मार्गदर्शक शिक्षक मनोज जांगड़े हरदी, उज्ज्वला पीएमश्री खरसिया, भागीरथी प्रधान एवं झनक राम चौधरी गढ़उमरिया, रवि कुमार यादव पीएम धरमजयगढ़, विश्वनाथ पटेल सारंगढ़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल विज्ञान वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सेजेस छर्रा टाँगर, पीएम खरसिया, हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी, गेरवानी, सरिया, पीएम नटवर एवं धरमजयगढ़ के छात्रों ने भाग लिया। इसी तरह अन्य प्रतियोगिता के अंतर्गत बाल विज्ञान नाटिका में हाई स्कूल गढ़उमरिया, विज्ञान क्विज में पीएम नटवर एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी गेरवानी एवं कुंजेमुरा के छात्रों ने भाग लिया।

# फेसबुक फ्रेंड ने बनाया युवती की फेक इंस्टाग्राम आईडी, अश्लील तस्वीरें अपलोड कर युवती को किया बदनाम, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

- मामले की शिकायत पर कोतरा रोड पुलिस ने त्वरित कार्यवाही

**रायगढ़**

थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में एक युवती की सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर उसे बदनाम करने के मामले में कोतरारोड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद आसिफ कुरैशी (24 वर्ष) को जैजेपुर, सक्ती से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़ित युवती के नाम से फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसके सोशल मीडिया अकाउंट से तस्वीरें निकालकर अश्लील रूप में अपलोड की थीं। उसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

**घटना का विवरण:**

पीड़ित युवती के भाई ने 18 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर को उसकी बहन की सगाई तय हुई थी। अगले दिन एक परिचित युवक ने सूचना दी कि उसकी बहन की अश्लील तस्वीरें एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की गई हैं। जब परिवार ने यह इंस्टाग्राम अकाउंट चेक किया, तो पता चला कि यह फेक आईडी युवती के नाम से बनाई गई थी, जिस पर उसकी तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक सामग्री अपलोड की गई थी। इस घटना से परिवार को गहरा आघात पहुंचा, और उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।



**पुलिस की त्वरित कार्रवाई:**

आवेदन मिलने के तुरंत बाद थाना कोतरारोड़ में मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ पर धारा 77, 79 बीएनएस के तहत (अपराध क्रमांक 353/2024) मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पीड़िता का बयान लिया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच से आरोपी की पहचान मोहम्मद आसिफ कुरैशी, निवासी किरोड़ीमल नगर के रूप में हुई, जिसका आखिरी लोकेशन रायपुर में पाया गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गईं। एक टीम को रायपुर भेजा गया जबकि दूसरी टीम आरोपी के रिश्तेदारों से जानकारी जुटाने में लगी रही। आरोपी, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर छिपा हुआ था, को पुलिस ने जैजेपुर में घेराबंदी कर हिरासत में लिया।

**आरोपी का कबूलनामा:**

गिरफ्तारी के बाद आरोपी मोहम्मद आसिफ कुरैशी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि उसकी 8 साल पहले फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से मित्रता हुई थी। जब उसे 17 अक्टूबर को युवती की सगाई की सूचना मिली, तो उसने बदला लेने की भावना से 18 अक्टूबर को युवती के नाम से फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसमें अश्लील तस्वीरें और वीडियो अपलोड कर दिए। इसके बाद, उसने अपने मोबाइल की सिम कार्ड तोड़कर रायपुर में फेंक दी थी।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन (विवो) को जब्त कर लिया है और आरोपी पर आईटी एक्ट की धारा 66, 67 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:**

इस पूरी कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, महिला उप-निरीक्षक कुसुम कैवर्त, सहायक उप-निरीक्षक डीपी चौहान, प्रधान आरक्षक शंकर राम कालो, आरक्षक चंद्रेश पांडे, प्रवीण काठे, मुकेश चौबे और शिवा प्रधान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे पीड़िता और उसके परिवार को न्याय मिल सका।

# कलयुगी नाती ने त्रिशूल मारकर की दादी की हत्या

**दुर्ग-रायपुर । आरएनएस**



नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम नंदकट्टी में एक युवक ने अपनी वृद्ध दादी की त्रिशूल मारकर हत्या कर दी। यही नहीं आरोपी ने खून शिवलिंग पर चढ़ा दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला ग्राम नंदकट्टी का है। यहां रहने वाला आरोपी युवक खुद को गांव में शिवभक्त बताकर प्रचारित करता था। आरोपी ने अपनी 77 वर्षीय दादी रुक्मणि गोस्वामी की त्रिशूल से हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, हत्यारे ने अपनी दादी के सिर पर त्रिशूल मारकर उनकी जान ले ली और फिर नजदीक के शिवलिंग पर उनका खून चढ़ा दिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। बता दें कि घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे यह पता चला है कि पूरा मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ है। आरोपी खुद को बड़ा शिव भक्त बताता है और उसने खून से शिवाय नमस्तुभ्यम भी लिखा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अंधविश्वास के इस पहलू को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अंबिकापुर एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले ही शुरू हुआ विरोध, हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति ने फूंका बिगुल

**बिलासपुर । आरएनएस**




अंबिकापुर एयरपोर्ट के बिना पूरी सुविधाओं के उद्घाटन का हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति ने विरोध किया है. समिति का कहना है कि आधे-अधूरे एयरपोर्ट पर फ्यूल भराने की भी सुविधा नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में हवाई सेवा के संचालन को लेकर संशय है.

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि रायपुर को छोडक़र, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं. 4 सी लाइसेंस, नाइट लैंडिंग, टेक्सी, कैंटीन जैसी सुविधाओं का अब तक अभाव बना हुआ है. उन्होंने बताया कि अंबिकापुर में हवाई जहाज के लिए रिफ्यूलिंग की व्यवस्था नहीं है, जिसका मतलब है कि कल विमान जरूर आएगा, लेकिन उसके बाद विमान नहीं उड़ेंगे. विमान सेवा तब तक शुरू नहीं होंगे, जब तक रिफ्यूलिंग की व्यवस्था नहीं होगी. इस लिहाज से आधा-अधूरा काम है, जिसका हम विरोध करते हैं.

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअली अंबिकापुर के दरिमा स्थित एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे. अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 में बने हवाई पट्टी से लेकर एयरपोर्ट बनने में 74 साल लग गए. लेकिन अभी भी सुविधाएं आधी-अधूरी बताई जा रही है. दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है.

# देश का भविष्य साक्षरता और शिक्षा द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्भर है

## पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित हुआ पीटीएम कार्यक्रम

- बच्चों को नियमित स्कूल भेजने पालकों को किया गया प्रेरित
- पीटीएम कार्यक्रम में पालकों ने साझा किए अपने विचार

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में पीएमश्री नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, सुरेश गोयल सहित शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी के लगभग 300 पालकगण उपस्थित रहे।

ज्ञानेश्वर सिंह गौतम ने पालकों को शिक्षण का महत्व समझाते हुए कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके जरिए विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बनाकर देश-दुनिया में नाम रोशन कर सकते हैं। शिक्षा से परिवार, समाज, संस्था और राष्ट्र का विकास होता है। स्कूल और कॉलेज में युवा मन को आकार देने, चरित्र निर्माण और सही मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाता हैं। नि:संदेह देश का भविष्य साक्षरता और शिक्षा द्वारा रखी गई मजबूत नींव पर निर्भर है। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य को देखते हुए नियमित स्कूल भेजने के लिए आग्रह किया। उन्होंने किसी भी समस्या पर समाधान हेतु प्राचार्य से मिलने हेतु कहा। हिन्दी माध्यम के एसएमडीसी के अध्यक्ष सुरेश गोयल ने पीएम नटवर स्कूल की जिले में विशिष्टता पर जानकारी दी। मनीष सोलंकी ने पालकों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर एसएमडीसी के समक्ष रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कलेत द्वारा अपार आईडी कार्ड के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

प्राचार्य रूबी वर्गीस ने अपने उद्बोधन में पालकों एवं छात्रों के पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले छात्र जीवन के समय ऐसी अध्ययन सुविधाएं नहीं थीं। किंतु आज के समय में सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य योजनाओं पर विशेष फोकस करते हुए बच्चों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पालकों को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनके शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। प्राचार्या गायत्री स्वर्णकार ने शिक्षक एवं पालकों के दायित्वों पर बात कही।

पालको को मंच पर अपने विचार साझा करने हेतु आमंत्रित किया गया जिसमें अनेक पालकों ने अपने विचार रखे। सदस्य रागिनी नायक ने पालकों को अपने बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु समर्पित होने पर जोर दिया। प्रहलाद पटेल द्वारा पालकों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मंच संचालन विकास मिश्रा द्वारा किया गयाण्। अन्त में सम्पूर्ण समारोह के सफल संचालन हेतु प्राचार्य ने हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यम के शिक्षकों को धन्यवाद

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480